प्रेस नोट **दिनांक 22.03.2026**

अपर पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा मिशन शक्ति फेज-5.0 द्वितीय चरण के तहत महिला पुलिस बाइक रैली को पुलिस लाइन मऊ से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया-

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति फेज-5.0 द्वितीय चरण अभियान के अंतर्गत आज जनपद मऊ में एक भव्य महिला पुलिस बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को अपर पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अनूप कुमार द्वारा पुलिस लाइन मऊ से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मिशन शक्ति फेज-5.0 द्वितीय चरण उत्तर प्रदेश सरकार का एक प्रमुख अभियान है, जिसका उद्देश्य नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सुनिश्चित करना है। इस अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों, साइबर अपराध से बचाव, और विभिन्न कानूनों के प्रति जागरूक करना है। महिला पुलिस बाइक रैली का आयोजन इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाने और समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के लिए किया गया। यह रैली नारी सुरक्षा और सशक्तिकरण का संदेश देने के साथ-साथ समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई।

रैली के दौरान महिला पुलिस कर्मियों ने महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न सुरक्षा उपायों, हेल्पलाइन नंबरों (जैसे 1090, 112, 181,1076,1098), और साइबर अपराध से बचाव के तरीकों के बारे में जागरूक किया। साथ ही, महिलाओं को आत्मरक्षा और कानूनी अधिकारों के प्रति प्रेरित किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक, मऊ ने रैली को रवाना करते हुए कहा, "मिशन शक्ति फेज-5.0 द्वितीय चरण के तहत हमारा उद्देश्य न केवल महिलाओं की सुरक्षा को और अधिक सुनिश्चित करना है, बल्कि उन्हें अधिक सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए समाज में जागरूकता फैलाना भी है। यह बाइक रैली महिला पुलिस कर्मियों की शक्ति और साहस का प्रतीक है, जो समाज को यह संदेश देती है कि महिलाएँ हर क्षेत्र में सक्षम और सशक्त हैं।मिशन शक्ति फेज-5.0 द्वितीय चरण के तहत मऊ पुलिस द्वारा एंटी-रोमियो दस्तों का गठन कर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की जायेगी तथा स्कूलों/कॉलेजों/ गांवों में चौपाल लगाकर महिलाओं/ बालिकाओं को जागरुक किया जायेगा। इस दौरान सभी संबधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

पाक्सो एक्ट में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार -

पुलिस अधीक्षक मऊ, श्री इलामारन जी के द्वारा जनपद में वांछित व पुरुस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने विरुद्ध व्यापक अभियान चलाकर वाँछित व पुरुस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया गया था उक्त अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री क्रिश राजपूत, प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ के

नेतृत्व में दिनांक 22.03.2026 कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध वाहन व्यक्ति तथा डग्गामार वाहनों की चेकिंग, दौरान जरिये मुखबिर खास द्वारा सूचना पर सेल्फी प्वाइंट ओवर ब्रीज के नीचे से मु0अ0सं0 54/2026 धारा 137(2)/87 BNS व धारा 65(1), 5L /6 पॉक्सो एक्ट थाना कोतवाली नगर में वांछित अभियुक्त गोपी नाथ उर्फ धर्मराज पुत्र राजा राम नि0 ग्राम बुढ़ावल थाना सरायलखंसी जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान मा0 न्यायालय किया गया।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-</u>

गोपी नाथ उर्फ धर्मराज पुत्र राजा नि0 ग्राम बुढ़ावल थाना सरायलखंसी जनपद मऊ राम उम्र करीब 21 वर्ष

<u>आपराधिक इतिहास:-</u>

1. मु0अ0सं0 742/20 धारा 34, 379 BNS थाना सरायलखंसी जनपद मऊ
2. मु0अ0सं0 531/21 धारा 323, 504, 506 IPC थाना घोसी जनपद मऊ
3. मु0अ0सं0 276/22 धारा 41, 411, 420, 467, 468, 471 IPC थाना तरवां जनपद आजमगढ़
4. मु0अ0सं0 277/22 धारा 25, 3 आयुध अधि0 थाना तरवां जनपद आजमगढ़
5. मु0अ0सं0 514/22 धारा 379, 411 IPC थाना सरायलखंसी जनपद मऊ
6. मु0अ0सं0 25/24 धारा 323, 504, 506 IPC थाना सरायलखंसी जनपद मऊ
7. मु0अ0सं0 317/25 धारा 109, 131, 3(5), 351(3), 352, 61(2) BNS थाना हलधरपुर जनपद मऊ
8. मु0अ0सं0 54/2026 धारा 137(2)/87 BNS व धारा 65(1), 5L /6 पॉक्सो एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ

<u>गिरफ्तारी टीम:-</u>

1. प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ
2. उ0नि0 सरफराज खान थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ
3. का0 सत्येन्द्र कुमार यादव थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में जनपद में चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 22.03.2026 को थाना घोसी एण्टी रोमियो टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील होकर स्कूल / कालेज , मन्दिर ,मस्जिद व चौराहो पर चेकिंग किया गया जिसमें 02 पहिया वाहन पर तेज रफतार ,मनचले लड़के व स्टण्टबाजी करते हुये मोटरसाइकिल सवारों, स्कूल की लड़कियों को परेशान करने वाले तथा विद्यालय के आस-पास स्टंट करने वालो की चेकिंग की गयी। तीन सवारी बैठकर तेज गति व लापरवाही से मोटरसाइकिल

चलाने वाले तथा स्कूल के आसपास आने जाने वाली लड़कियों को देखकर हरकते करने वालो के विरूद्ध थानों घोसी द्वारा 10 मोटरसाइकिलों के साथ कुल 16 रोमियो को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

01 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 22.03.2026 को थाना मधुबन पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर बीबीपुर के पास से मु0अ0सं0 58/2026 धारा 354(क), 376(2)(एन), 313, 323, 504, 506, 427 भादवि में वांछित अभियुक्त मनीष पुत्र श्रीनाथ यादव निवासी सद्दोपुर थाना मधुबन जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।